https://www.facebook.com/palpalrajasthannews/ | instagram.com/palpalrajasthannews | https://www.youtube.com/@PalpalRajasthan/ | palpalrajasthan8@gmail.com

प्रदेश का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

# पल पल राजस्थान

वर्ष : 4 | अंक : 63 | RAJHIN/2021/81855 | उदयपुर, शनिवार, 12 अप्रैल 2025 | कुल पृष्ठ : 4 | मूल्य : 5 रु. | हर पल की खबर

ANANTA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES & RESEARCH CENTRE
एक विश्वास बेहतर जिन्दगी का
ANANTA HOSPITAL

**सार संक्षेप**

### दिल्ली-एनसीआर में धूल भरी आंधी के बाद बारिश



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार शाम को अचानक मौसम में बदलाव देखने को मिला। धूल भरी आंधी और तेज हवाएं शहर में चलीं। इसके बाद बारिश शुरू हो गई। मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

### महाकुंभ हादसा : आयोग के समक्ष पेश हुए पीड़ित परिवार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान मौनी अमावस्या पर हुई भगदड़ की घटना को लेकर शुक्रवार को न्यायिक आयोग के सामने लखनऊ में केंद्रीय अस्पताल के चिकित्सक और पीड़ित परिवार के सदस्य पेश हुए। बांदा में आर्थोपेडिक विभाग में तैनात डॉक्टर विनय ने बताया कि बयान गोपनीय है। न्यायिक जांच हो रही है, इस कारण इसके बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता है। 29 जनवरी को जो घटना हुई थी, उसी के संदर्भ में बयान हुआ है।

### पद्म पुरस्कारों के लिए 31 जुलाई तक किए जा सकते हैं नामांकन




**नई दिल्ली।** देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल पद्म पुरस्कारों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर आगामी 31 जुलाई तक ऑनलाइन नामांकन और सिफारिशें की जा सकती हैं। गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि अगले वर्ष गणतंत्र दिवस पर घोषित किए जाने वाले इन पुरस्कारों के लिए नामांकन की प्रक्रिया गत 15 मार्च से जारी है।

### किश्तवाड़ में एक आतंकी ढेर, उधमपुर में तलाश जारी



**जम्मू।** किश्तवाड़ में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को समाचार भिजवाए जाने तक मार गिराया था जबकि बाकी के साथ मुठभेड़ जारी थी। जबकि उधमपुर में जिन आतंकियों के साथ दो दिन मुठभेड़ चली अब उनकी तलाश की जा रही है। इसी प्रकार कठुआ जिले में 20 दिनों से सुरक्षाबलों को छका रहे आतंकी अभी तक हाथ नहीं आए हैं।

### 1.196 किलोग्राम हेरोइन के साथ चार तस्कर गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में नशे के खिलाफ छेड़े गए अभियान में उत्तर-पश्चिम जिले की नार्कोटिक्स टीम ने एक सक्रिय ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ करते हुए चार शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों के कब्जे से करीब 1.196 किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई है।

---

कांग्रेस ने पटना में प्रदर्शन कर बिहार सरकार को घेरा

# बढ़ती बेरोजगारी, पलायन के लिए नीतीश सरकार जिम्मेदार: पायलट

## 'पलायन रोको, नौकरी दो' यात्रा में शामिल हुए सचिन पायलट समेत कई कांग्रेसी नेता



बिहार के करोड़ों युवा नौकरी की तलाश में अन्य स्थानों पर पलायन करने को मजबूर हैं, क्योंकि राज्य सरकार ने पिछले 21 वर्षों में अवसर पैदा करने के लिए कुछ नहीं किया: **सचिन पायलट, कांग्रेस महासचिव**



■ युवाओं का भर्ती प्रक्रिया से विश्वास उठ रहा है

■ प्रश्नपत्र लीक, रिश्वतखोरी पर सरकार को घेरा

**पटना,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सचिन पायलट ने शुक्रवार को बिहार में बढ़ती बेरोजगारी और मजदूरों के पलायन को रोकने में विफल रहने के लिए नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार की आलोचना की। पायलट अन्य पार्टी नेताओं के साथ पटना में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार के नेतृत्व में 'पलायन रोको, नौकरी दो' यात्रा में शामिल हुए। पायलट ने कहा कि बिहार के करोड़ों युवा नौकरी की तलाश में अन्य स्थानों पर पलायन करने को मजबूर हैं, क्योंकि राज्य सरकार ने पिछले 21 वर्षों में अवसर पैदा करने के लिए कुछ नहीं किया। युवाओं का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। प्रश्नपत्र लीक और रिश्वतखोरी के कारण युवाओं का भर्ती प्रक्रिया से विश्वास उठ रहा है।

### राहुल ने बेरोजगारी को लेकर मोदी सरकार पर साधा निशाना



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने देश में बेरोजगारी को लेकर एक बार फिर पीएम मोदी को घेरा है। कांग्रेस नेता ने रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना के वादे की याद दिलाते हुए कहा कि इसी से पता चलता है कि प्रधानमंत्री बेरोजगारी को लेकर कितने गंभीर हैं। राहुल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 2024 के चुनाव के बाद, प्रधानमंत्री मोदी ने बहुत धूमधाम से रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना की घोषणा की। घोषणा किए हुए एक साल हो गया है, सरकार ने इसे परिभाषित भी नहीं किया है, और इसके लिए आवंटित 10,000 करोड़ वापस कर दिए हैं।

### नीतीश सरकार तानाशाही पर उतरी : कांग्रेस

सीएम आवास घेरने उतरे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पहले ही रोक दिया गया है। कांग्रेस ने एक्स पर लिखा, युवाओं के बढ़ते कदमों को रोकने के लिए नीतीश कुमार तानाशाही पर उतर आए।

**सीएम आवास का घेराव करने निकले थे कांग्रेसी**

कांग्रेस ने आगे कहा कि युवाओं को मारा और घसीटा गया, वॉटर कैनन से उनका रास्ता रोका गया, उनके साथ बर्बरता की गई। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि, पलायन बिहार की मुख्य समस्या है। प्रदर्शन में शामिल राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ,कन्हैया कुमार और यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भान को पुलिस ने हिरासत में लेकर कोतवाली थाने पहुंची। हालांकि, एक घंटे बाद छोड़ दिया गया।

---

# तमिलनाडु में भाजपा एआईएडीएमके ने मिलाया हाथ



■ अमित शाह बोले, एनडीए के बैनर तले लड़ेंगे चुनाव

■ एआईएडीएमके 1998 से गठबंधन का हिस्सा रही है

**चेन्नई,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। तमिलनाडु की सियासत में शुक्रवार को एक बड़ा बदलाव देखने को मिला। भाजपा और एआईएडीएमके ने एक बार फिर हाथ मिला लिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस गठबंधन की घोषणा की। उन्होंने बताया कि तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में एनडीए के बैनर तले एआईएडीएमके, भाजपा और अन्य सहयोगी दल एक साथ आकर चुनाव लड़ेंगे।

अमित शाह ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि आज एआईएडीएमके और भाजपा के नेताओं ने मिलकर तय किया है कि आने वाला तमिलनाडु विधानसभा चुनाव एआईएडीएमके, भाजपा और सभी साथी दल मिलकर एनडीए के रूप में एक साथ लड़ेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ये चुनाव दो स्तरों पर लड़ा जाएगा, राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और राज्य स्तर पर एआईएडीएमके नेता एडप्पादी के पलानीस्वामी के नेतृत्व में।

एआईएडीएमके और भाजपा के पुराने रिश्तों का जिक्र करते हुए अमित शाह ने कहा, एआईएडीएमके 1998 से एनडीए गठबंधन का हिस्सा रही है। महान जयललिता जी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने लंबे समय तक राष्ट्रीय राजनीति में मिलकर कार्य किया है। यह गठबंधन सिर्फ राजनीतिक नहीं, बल्कि विश्वास और विकास का गठबंधन है।

### तमिलनाडु में एनडीए की सरकार बनेगी : शाह

शाह ने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि आने वाले दिनों में जो चुनाव होने वाला है, उसमें एनडीए फिर से प्रचंड बहुमत हासिल करेगा और तमिलनाडु में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनेगी। शाह ने आगे कहा कि तमिलनाडु के अंदर डीएमके सनातन धर्म, फ्री लैंग्वेज पॉलिसी और अन्य मुद्दे उठा रही है। इसका एकमात्र उद्देश्य मूल मुद्दों से जनता का ध्यान हटाना है।

---

वाराणसी के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

# मैं काशी का हूं और काशी मेरी है : मोदी



**3,900 करोड़ की 44 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया**

**वाराणसी,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे। काशीवासियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने 3,900 करोड़ रुपए की 44 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने मेहंदीगंज में आयोजित विशाल जनसभा में भोजपुरी में भी काशीवासियों से संवाद किया। अपने संबोधन में उन्होंने बार-बार काशी के प्रति अपने गहरे लगाव को दोहराया। उन्होंने कहा, काशी मेरी है और मैं काशी का हूं। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में काशी ने विकास की नई गति पकड़ी है। काशी अब केवल पुरातन नहीं, बल्कि प्रगतिशील भी है। इसने आधुनिकता को अपनाया है, विरासत को संजोया है और भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए मजबूत कदम उठाए हैं। उन्होंने काशी को पूर्वांचल के आर्थिक नक्शे का केंद्र बताया और कहा, जौने काशी के स्वयं महादेव चलावेलन, आज उहे काशी पूर्वांचल के विकास के रथ के खींचत हौ। उन्होंने काशी की सांस्कृतिक धरोहर और आधुनिक बुनियादी ढांचे के सामंजस्य को भारत के विकास का एक अनूठा मॉडल करार दिया।

### आयुष्मान कार्ड का भी वितरण किया

मोदी ने कहा कि ये परियोजनाएं पूर्वांचल को विकसित बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगी। काशी के हर निवासी को इन योजनाओं से लाभ मिलेगा। इन परियोजनाओं में लाल बहादुर शास्त्री एयरपोर्ट के विस्तार, भिखारीपुर और मंडुआडीह में फ्लाईओवर और बनारस-सारनाथ को जोड़ने वाले नए पुल जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने आयुष्मान वय वंदना कार्ड का भी वितरण किया। इस योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी।

---

# वक्फ कानून के खिलाफ सड़कों पर उतरे छात्र

## कोलकाता में आलिया यूनिवर्सिटी के छात्रों ने किया प्रदर्शन

■ मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का वक्फ बचाव अभियान हुआ शुरू

■ मोदी सरकार पर सांप्रदायिक एजेंडा चलाने का आरोप लगाया




**कोलकाता,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। नए वक्फ कानून के विरोध में पश्चिम बंगाल के कोलकाता में प्रदर्शन किया जा रहा है, ये प्रदर्शन आलिया यूनिवर्सिटी के छात्र कर रहे हैं। मुस्लिम संगठनों ने भी छात्रों का समर्थन किया है। बड़ी संख्या में लोग इस प्रदर्शन में जमा हुए हैं।

इधर, जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार सुबह विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने पार्टी ऑफिस के बाहर ही बैरिकेड्स लगाकर प्रदर्शनकारियों को रोक दिया। यह विरोध प्रदर्शन पीडीपी के महासचिव खुर्शीद आलम के नेतृत्व में किया गया। पीडीपी कार्यकर्ता नए वक्फ कानून के विरोध में शहर के केंद्र की ओर मार्च करना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें इसकी इजाजत नहीं दी।

### शाह बानो मामले जैसा जन आंदोलन बनाया जाएगा

बोर्ड ने इसे शाह बानो मामले (1985) की तरह व्यापक जन आंदोलन बनाने की बात कही है, जो शहरों से लेकर गांवों तक फैलेगा। बोर्ड की महिला विंग अलग-अलग जगहों पर कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को जागरूक करेगी। बोर्ड ने समुदाय से संयम बरतने और भावनात्मक प्रतिक्रियाओं से बचने की अपील की गई है।

### बंगाल के मुर्शिदाबाद में 3 की मौत

नए वक्फ कानून के विरोध में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड शुक्रवार से देशभर में वक्फ बचाव अभियान शुरू किया। जिसके चलते देशभर में मुसलमान सड़कों पर उतर आए। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में प्रदर्शन हिंसक हो गया। प्रदर्शनकारियों ने बसें जलाईं। पथराव किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक 3 लोगों की गोली लगने से मौत भी हुई है।

---

# तहव्वुर राणा से 4 घंटे चली पूछताछ




■ आरोपी बनाता रहा बीमारी का बहाना

■ दूसरे शहरों में भी हमलों की योजना थी

**नई दिल्ली,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। 26/11 मुंबई आतंकी हमले का मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा इस समय एनआईए की कस्टडी में हैं। सूत्रों के मुताबिक शुक्रवार को उससे 4 घंटे तक पूछताछ की गई, लेकिन उसने जांच में सहयोग नहीं किया। तहव्वुर से पूछताछ सुबह 11.15 बजे शुरू हुई थी। उसे करीब 11.10 बजे उसकी सेल से निकाल कर इंटेरोगेशन रूम में ले जाया गया था।

इससे पहले करीब 10.30 से 11 बजे के बीच एनआईए अधिकारियों की एक मीटिंग हुई थी, जिसमें तहव्वुर राणा से पूछताछ को लेकर एक रूपरेखा तैयार की गई थी। सूत्रों के मुताबिक तहव्वुर पूछताछ में अपनी बीमारी का हवाला देकर जांच से बचने की कोशिश कर रहा है। कोर्ट ने अमेरिका से प्रत्यर्पण के बाद राणा को 18 दिन की एनआईए हिरासत में भेज दिया था। एनआईए उससे उन सभी पहलुओं पर जानकारी हासिल करना चाहती है, जो भारत में आतंकवादी नेटवर्क और 26/11 हमले की साजिश से जुड़े हैं। तहव्वुर राणा पर डेविड कोलमैन हेडली, लश्कर-ए-तैयबा , हरकत-उल-जिहादी इस्लामी और पाकिस्तान के अन्य आतंकियों के साथ मिलकर 2008 में मुंबई में आतंकी हमलों को अंजाम देने की साजिश रचने का आरोप है। एजेंसी को इस बात का शक है कि तहव्वुर राणा ने भारत के कई शहरों को निशाना बनाने के लिए 26/11 मुंबई हमलों जैसी आतंकी साजिश रची थी।

---

झारखंड में भाजपा को लगा झटका

# ताला मरांडी झामुमो में हुए शामिल



■ हेमंत सोरेन की मौजूदगी में हुए शामिल

**रांची,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी को झारखंड में एक बड़ा झटका लगा है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ताला मरांडी ने पार्टी से इस्तीफा देने के बाद शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया। साहिबगंज जिले के बरहेट में हूल क्रांति के नायक सिदो-कान्हू की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मौजूदगी में वह झामुमो में शामिल हुए। सोरेन ने पार्टी का पटका पहनाकर उनका स्वागत किया।

**भाजपा ने टिकट नहीं दिया था**

ताला मरांडी वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में राजमहल सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रहे थे। इस चुनाव में उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा। इसके बाद वह संथाल परगना की बोरियो सीट से विधानसभा चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया।

ताला मरांडी पूर्व में बोरियो सीट से भाजपा के विधायक रह चुके हैं।

---

# लंबी दूरी के ग्लाइड बम 'गौरव' के सफल परीक्षण

**वायुसेना में शामिल करने का मार्ग प्रशस्त हुआ**

**नई दिल्ली,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने सुखोई-30 लड़ाकू विमान से लंबी दूरी के ग्लाइड बम 'गौरव' के सफल परीक्षण किए हैं। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि आठ से दस अप्रैल के बीच किए गए इन परीक्षणों के दौरान ग्लाइड बम को विभिन्न वारहेड विन्यासों में कई स्टेशनों में एकीकृत किया गया था। ये परीक्षण करीब 100 किलोमीटर की रेंज में पूरी सटीकता के साथ सफलतापूर्वक पूरे किए गए। 'गौरव' 1,000 किलोग्राम वर्ग का ग्लाइड बम है, जिसे अनुसंधान केंद्र इमारत, आयुध अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान और एकीकृत परीक्षण रेंज, चांदीपुर द्वारा विकसित किया गया है।

---

**ऐलान** *ट्रंप के आगे झुकने को तैयार नहीं चीन*

# चीन ने अमेरिकी सामानों पर लगाया 125 फीसदी टैरिफ

**बीजिंग, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड वार थमने का नाम नहीं ले रहा है। डोनाल्ड ट्रंप ने भले ही कई देशों पर रेसीप्रोकल टैरिफ का ऐलान किया हो, लेकिन चीन उनके निशाने पर है। चीन भी मानने को तैयार नहीं है। वह भी अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगाता जा रहा है। कि अब चीन ने अमेरिकी सामानों पर 125 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया है।**

चीन ने ये फैसला तब लिया है, जब बीते दिन डोनाल्ड ट्रंप ने चीन पर लगाए टैरिफ में 20 फीसदी का इजाफा करते हुए उसे 145 प्रतिशत कर दिया था।

### विभिन्न उपायों में जुटा चीन

अमेरिकी टैरिफ से निपटने के लिए चीन सरकार विभिन्न उपायों में जुट गई है। अमेरिकी उत्पाद पर 125 प्रतिशत टैरिफ लगाने के अलावा सरकार ने वादा किया है कि वह अपने लोगों को अधिक खर्च करने के लिए प्रेरित करके निर्यात को हुए नुकसान की भरपाई करेगी।

चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के मुखपत्र पीपुल्स डेली में प्रकाशित एक लेख में कहा गया कि चीन उपभोक्ता खर्च को आर्थिक विकास का आधार बनाएगा और एक बहुत बड़ा बाजार होने का लाभ उठाएगा।



■ ट्रंप ने चीन पर 20 फीसदी टैरिफ बढ़ाया था

■ चीन पर कुल टैरिफ बढ़कर 145 फीसदी हुआ

### चीन ने डब्ल्यूटीओ में दर्ज कराई शिकायत

एक तरफ चीन अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगा रहा है, तो वहीं दूसरी तरफ डब्ल्यूटीओ में अमेरिका की शिकायत भी कर रहा है। विश्व व्यापार संगठन में चीन के मिशन ने शुक्रवार को कहा कि उसने अमेरिकी टैरिफ को लेकर व्यापार निकाय में एक अतिरिक्त शिकायत दर्ज कराई है।

# गुजरात में हमारी सरकार नहीं लेकिन हमारे कार्यकर्ता व संगठन सक्रिय : मल्लिकार्जुन खरगे

## राष्ट्रीय अधिवेशन की सफलता पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को किया धन्यवाद

**नई दिल्ली,**11 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को कहा कि गुजरात में कई वर्षों से हमारी सरकार नहीं है। लेकिन, फिर भी हमारे कार्यकर्ता और संगठन एक्टिव है। खरगे ने अहमदाबाद में कांग्रेस के दो दिनों के राष्ट्रीय अधिवेशन की सफलता पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को धन्यवाद किया। खरगे ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से एक वीडियो पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि मैं अहमदाबाद में एआईसीसी अधिवेशन सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए देश भर के कांग्रेस के साथियों को बधाई और धन्यवाद देता हूं। विशेष तौर पर गुजरात के प्रदेश कांग्रेस की टीम को बधाई देता हूं, जिन्होंने प्रतिकूल परिस्थितियों और हमारी सरकार न होने के बावजूद समर्पण के साथ अधिवेशन को सफल बनाने में रात दिन श्रम किया।

हर कार्यकर्ता को हमारी बधाई। इस मौके पर कांग्रेस के प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष, एआईसीसी सचिवों को विशेष तौर पर शुक्रिया। कई वर्षों से गुजरात में कांग्रेस विपक्ष में है। फिर भी ये बहुत कामयाब आयोजन रहा। इसका संदेश देश से आए एआईसीसी सदस्य अपने



कई वर्षों से गुजरात में कांग्रेस विपक्ष में है फिर भी यह बहुत कामयाब आयोजन रहा : मल्लिकार्जुन खरगे

इलाकों में पहुंचाएंगे। इस अधिवेशन को सफल बनाने वाले गुजरात के साथियों से मैं कहना चाहूंगा कि आप में गजब की संगठन क्षमता है। आप घरों से बाहर निकलिए। बदलाव आपकी प्रतीक्षा में है। आप सभी को शुभकामनाएं। अहमदाबाद में आयोजित एआईसीसी के इस अधिवेशन को लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने पोस्ट में लिखा एआईसीसी के अहमदाबाद अधिवेशन न्यायपथ में कांग्रेस ने देश के बहुजनों को हिस्सेदारी देकर, सामाजिक न्याय को मज़बूत करने के लिए तीन ऐतिहासिक संकल्प लिए हैं। हम कानून लाकर आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा को खत्म करेंगे। केंद्रीय कानून बनाकर एससी-एसटी सब प्लान को कानूनी आकार देंगे और इन वर्गों की जनसंख्या के आधार पर बजट में हिस्सेदारी देंगे। संविधान के अनुच्छेद 15 (5) में निर्धारित एससी, एसटी और ओबीसी के निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण के अधिकार को लागू करवाएंगे। राहुल ने आगे कहा कि देश के बहुजनों के लिए हमारा संदेश साफ है। आपके भविष्य से जुड़े इन मुद्दों पर हमारा साथ निभाएं, हाथ को मजबूत बनाएं।

# अर्थव्यवस्था को संभाल नहीं पा रहे हैं मोदी : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने औद्योगिक उत्पादन में गिरावट को अर्थव्यवस्था के लिए बुरी खबर बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला किया और कहा कि उनकी नीतियां जन विरोधी हैं और अर्थव्यवस्था के खिलाफ है इसलिए उनसे अब अर्थव्यवस्था संभल नहीं रही है। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक पेज एक्स पर कहा कि एक देश की अर्थव्यवस्था के लिए बेहद बुरी खबर आई है। औद्योगिक उत्पादन में भारी गिरावट देखने को मिली है। फरवरी, 2025 में यह दर घटकर सिर्फ 2.9 प्रतिशत रह गई है। पिछले साल फरवरी में यह 5.6 प्रतिशत थी। यह छह महीने का निचला स्तर है। सबसे ज्यादा मार विनिर्माण, खनन और बिजली के क्षेत्र पर पड़ी है। विनिर्माण उत्पादन विकास दर 4.9 प्रतिशत से गिरकर 2.9 प्रतिशत पर आ गई है जबकि खनन विकास दर 8.1 प्रतिशत से घटकर 1.6 प्रतिशत रह गई है। बिजली उत्पादन के क्षेत्र में भी विकास दर 7.6 प्रतिशत से गिरकर अब 3.6 प्रतिशत रह गई है। औद्योगिक विकास दर कम होने का मतलब है कि देश की अर्थव्यवस्था सही राह पर नहीं है और इसका असर जनता पर पड़ेगा। आने वाले वक्त में बेरोजगारी और बढ़ेगी, जिसकी वजह से लोग आर्थिक तंगी से परेशान होंगे।

# सेवा की भावना सरकार की नीति और निष्ठा : मोदी

**आनंदपुर धाम/अशोकनगर,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सेवा के संकल्प से हमारा न केवल व्यक्तित्व निखरता है, बल्कि इससे हमारी सोच व्यापक बनती है, इसी उद्देश्य को लेकर सेवा की भावना को सरकार ने अपनी नीति और निष्ठा बनाया है। मोदी मध्यप्रदेश के अशोकनगर जिले स्थित आनंदपुर धाम में बैसाखी के पर्व पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं लोकसभा सांसद विष्णुदत्त शर्मा और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी उपस्थित थे।



मोदी ने आनंदपुर धाम के सेवा प्रकल्पों का जिक्र करते हुए कहा कि सेवा के संकल्प से हमारा व्यक्तित्व निखरता है, सोच व्यापक बनती है और ये भावना हमें बड़े उद्देश्यों से जोड़ती है। हम एकजुट होकर काम करते हैं। सेवा एक साधना है, ऐसी गंगा है, जिसमें हर व्यक्ति को डुबकी लगानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सेवा की संस्कृति को आनंदपुर ट्रस्ट पूरे मनोयोग से आगे बढ़ा रहा है। अस्पताल में हजारों मरीजों का इलाज होता है, मुफ्त शिविर लगते हैं। नई पीढ़ी के निर्माण के लिए स्कूल भी खुला है। पर्यावरण संरक्षण के जरिए भी आनंदपुर धाम मानवता की सेवा कर रहा है। आश्रम के अनुयायियों ने हजारों एकड़ जमीन को हरा भरा बनाया है।

# जम्मू-कश्मीर मास मूवमेंट ने छोड़ी अलगावादी विचारधारा : अमित शाह

## मोदी सरकार के तहत एकता की भावना व्याप्त

**नई दिल्ली,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर में अलगाववादी संगठन हुर्रियत कांफ्रेंस से जुड़े एक और संगठन जम्मू-कश्मीर मास मूवमेंट ने अलगाववादी विचारधारा को छोड़कर देश की एकता के प्रति एकजुटता की घोषणा की है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर मास मूवमेंट के इस निर्णय के बाद केन्द्र शासित प्रदेश में अलगाववाद को खारिज करने वाले संगठनों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है। शाह ने कहा कि मोदी सरकार के तहत जम्मू-कश्मीर में एकता की भावना व्याप्त है। हुर्रियत से जुड़े एक अन्य संगठन जम्मू-कश्मीर मास मूवमेंट ने अलगाववाद



को खारिज करते हुए भारत की एकता के प्रति पूर्ण प्रतिबद्धता की घोषणा की है। मैं उनके इस कदम का तहे दिल से स्वागत करता हूं। अब तक हुर्रियत से जुड़े 12 संगठन अलगाववाद से अलग हो चुके हैं और भारत के संविधान पर भरोसा कर रहे हैं। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक भारत श्रेष्ठ भारत के सपने की जीत है। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ समय से कई अलगाववादी संगठनों ने हुर्रियत कांफ्रेंस से नाता तोड़ा है।

### हुर्रियत से जुड़े 12 संगठनों ने संविधान पर भरोसा जताया

गृहमंत्री ने कहा कि अब तक हुर्रियत से जुड़े 12 संगठनों ने भारत के संविधान पर भरोसा करते हुए अलगाववाद से नाता तोड़ लिया है। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक भारत, श्रेष्ठ भारत के विजन की जीत है। जम्मू-कश्मीर मास मूवमेंट का नेतृत्व फरीदा डार उर्फ फरीदा बहनजी करती हैं। अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद हुर्रियत कॉन्फ्रेंस लगभग समाप्त हो गई है। हुर्रियत के कट्टरपंथी धड़े का लगभग पूरा शीर्ष और मध्यम नेतृत्व जेल में है, जबकि उदारवादी धड़े के दो घटकों पर पिछले महीने केंद्र ने प्रतिबंध लगा दिया था।

## सार संक्षेप

### बंगाल के पूर्व मंत्री अब्दुर रज्जाक मोल्ला का निधन

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में पूर्ववर्ती वाम मोर्चा सरकार में भूमि एवं भूमि सुधार मंत्री रहे अब्दुर रज्जाक मोल्ला का शुक्रवार को दक्षिण 24 परगना स्थित उनके आवास पर वृद्धावस्था संबंधी जटिलताओं के कारण निधन हो गया। मोल्ला 80 वर्ष के थे। दस बार विधायक और तीन मुख्यमंत्रियों, ज्योति बसु, बुद्धदेव भट्टाचार्य और ममता बनर्जी की कैबिनेट के प्रमुख सदस्य रहे मोल्ला ने कृषि अधिकारों व किसान कल्याण के लिए सेवा और समर्पण की समृद्ध विरासत छोड़ी है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मोल्ला के निधन पर दुख व्यक्त किया है।

### राजकोट में क्रिकेट सटोरिया गिरफ्तार

**राजकोट।** गुजरात में राजकोट शहर के मालविया नगर क्षेत्र में क्रिकेट सटोरिए को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि सूचना के आधार पर निर्मला कोनवेन्ट रोड़, योगीनिकेतन प्लॉट के पास एक बैंक के निकट से मोबाइल फोन में क्रिकेट मैच पर सट्टा लगा रहे युवक को बीती देर रात पकड़ लिया गया। उससे मोबाइल फोन तथा अन्य सामान जब्त कर लिया गया। उसकी पहचान शांतिनगर मेन रोड़, रैयाधार पानी की टंकी के सामने निवासी जौरव दि. नथवाणी के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### तालाब में डूबने से चार लड़कियों की मौत

**गढ़वा।** झारखंड के गढ़वा जिले के हरैया गांव में शुक्रवार को दर्दनाक हादसा हुआ। यहां एक तालाब में डूबने से चार लड़कियों की मौत हो गई। सभी लड़कियां आपस में रिश्तेदार थीं। सभी परिवार के एक मांगलिक कार्यक्रम में भाग लेने जुटी थीं। शुक्रवार को सभी गांव के तालाब में नहाने पहुंची थीं। इस दौरान गहरे पानी में चली गईं और वापस नहीं निकल पाईं। हादसे के बाद परिवार और गांव में कोहराम मच गया। बताया गया कि हरैया गांव के चंदन सिंह के यहां एक नवजात शिशु का छठी कार्यक्रम होना था।

### द्रमुक के उप महासचिव पद से हटाए गए पोनमुडी

**चेन्नई।** तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने राज्य के वन मंत्री के. पोनमुडी को सार्वजनिक कार्यक्रम में अपमानजनक व असभ्य टिप्पणी करने के कारण पार्टी उप महासचिव पद से हटा दिया। पोनमुडी के निष्कासन की घोषणा मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने की। पोनमुडी के स्थान पर राज्यसभा सदस्य त्रिची एन शिवा को पार्टी का नया उप महासचिव नियुक्त किया गया है। भाजपा सहित विपक्षी दलों ने पोनमुडी की टिप्पणी को लेकर कड़ी आलोचना की और उन्हें राज्य मंत्रिमंडल से बाहर करने की मांग की थी।

# लाड़ली बहना योजना की राशि में की जाए बढ़ोतरी : जीतू पटवारी

**भोपाल,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने लाड़ली बहना योजना के क्रियान्वयन को लेकर राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए सरकार से मांग की है कि योजना की राशि तीन हजार रुपए प्रतिमाह की जाए।



पटवारी ने एक्स पोस्ट में कहा कि लाड़ली बहना योजना की किस्त को लेकर पहले बड़े-बड़े होर्डिंग देखने को मिलते थे, लिखा रहता था, लाड़ली बहनों 10 तारीख आ रही है। लेकिन, इस बार 10 तारीख को लाड़ली बहनों के खाते में पैसे ही नहीं आए। क्या कर्ज में कमी हो गई या सरकार की नीयत बदल गई। वैसे भी भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश विधानसभा में मुकर चुकी है कि 1250 रुपए की मासिक राशि को 3000 रुपए प्रतिमाह तक नहीं बढ़ाया जाएगा। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि सरकार ने विधानसभा में ही बताया कि अब तक 15,748 महिलाओं के नाम उनकी मृत्यु के बाद हटा दिए गए हैं। वहीं 60 वर्ष की उम्र पूरी करने वाली 3 लाख 19 हजार 991 महिलाओं के नाम पहले ही पोर्टल से गायब हो चुके हैं। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सरकार से मांग की कि लाभार्थियों की आयु सीमा 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष करें, नए नाम जोड़ें और 60 वर्ष की सीमा को अब 65 वर्ष करें। भाजपा तुरंत अपना वादा निभाए और योजना की हितग्राही महिलाओं को 3000 रुपए प्रतिमाह भुगतान करवाए।

# उत्तर प्रदेश में खुली कानून-व्यवस्था की पोल : अखिलेश यादव

## मोदी के काशी में अधिकारियों से दुष्कर्म की घटना की जानकारी लेने पर कसा तंज

**लखनऊ/अलीगढ़,** 11 अप्रैल समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव शुक्रवार को एक कार्यक्रम में शामिल होने अलीगढ़ पहुंचे थे। इस दौरान पीएम मोदी के काशी में अधिकारियों से दुष्कर्म की घटना की जानकारी लेने पर तंज किया और कहा कि आज कानून व्यवस्था की पोल खुल गई है और मुख्यमंत्री साइडलाइन किए गए हैं। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अधिकारियों से यह जानकारी ली गई कि उस घटना (वाराणसी दुष्कर्म) में कितने दोषी पकड़े गए हैं। जो आंकड़े यूपी सरकार बताती है, उनमें बेटियां असुरक्षित हैं। पार्टी और जाति देखकर भेदभाव हो रहा है। पूर्व में बीएचयू में एक बेटी के साथ घिनौनी घटना हुई, उसमें आरोपी भाजपाई ही निकले। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का रास्ता नफरत भरा और नकारात्मक सोच वाला है। अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए वह जनता का ध्यान बांटती है। भाजपा के सुशासन की भी पोल खुल गई है। हमारा संविधान हमारी ढाल है। इसी संविधान पर भाजपा चोट पहुंचाती है। उन्होंने वक्फ बिल को लेकर कहा कि इसका हम विरोध करते हैं। यह बिल भाजपा का है। हम इसे किसी भी कीमत पर नहीं मानेंगे। जब इन्हें अपनी नाकामी छिपानी होती है तब ऐसा फैसला लेते हैं, जिससे लोगों का ध्यान बंट जाए। रामजी लाल सुमन ने जो कुछ बोला, उसके बाद राज्यसभा से उसे रिकॉर्ड से हटा दिया गया। इसके बाद बात खत्म हो गई थी। लेकिन, भाजपा का भरोसा तानाशाही पर है। इतिहास को इतिहास ही रहने देना चाहिए। उन्होंने कहा कि संविधान हमारे लिए ढाल है, हमारा सम्मान है, हमारी पहचान है। यह हमें हक और अधिकार दिलाता है। आज महंगाई चरम पर है, किसानों को सुविधा नहीं मिल रही है। गेहूं का ऐसा समर्थन मूल्य लागू किया गया है, जिससे किसानों को नुकसान पहुंच रहा है। प्राइवेट लोग भी किसान का गेहूं महंगा नहीं खरीद सकते हैं।

पूर्व में बीएचयू में एक बेटी के साथ घिनौनी घटना हुई उसमें आरोपी भाजपाई ही निकले



जो आंकड़े उत्तर प्रदेश सरकार बताती है उनमें बेटियां असुरक्षित हैं : अखिलेश यादव

# बेमौसम बरसात से प्रभावित किसानों की मदद करे उप्र सरकार : सपा

**लखनऊ।** अखिलेश यादव ने बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से जनहानि और फसलों को हुये नुकसान पर चिंता जताते हुए सरकार से पीड़ितों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। यादव ने कहा कि बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से गेहूं के साथ ही आम और मक्का की फसलों को लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या, अम्बेडकरनगर, सीतापुर, अमेठी, बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती समेत अन्य जिलों में किसानों का काफी नुकसान हुआ है। किसान के गेहूं की कटाई और मड़ाई अभी चल ही रही है ऐसे में ओलावृष्टि के साथ बेमौसम बरसात खेती किसानी के लिए कहर बनकर आ गया। गेहूं की फसल बर्बाद हो गई। पैदावार पर भी इसका बुरा असर पड़ेगा। सरकार पीड़ित किसानों को फसलों के नुकसान और आकाशीय बिजली से मौतों पर परिजनों को पर्याप्त मुआवजा दे।

# नालंदा में भीषण तूफान से 23 लोगों की मौत

## मृतकों के आश्रितों को दी गई अनुदान की राशि

**राजगीर,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार में नालंदा के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने बताया कि 10 अप्रैल को भीषण तूफान से जिले भर में 23 लोगों की मृत्यु हुई है, जिसमें अधिकांश मौत वृक्ष एवं दीवार गिरने से हुई जबकि एक व्यक्ति की मृत्यु वज्रपात से हुई है। शुभंकर ने शुक्रवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में 10 अप्रैल को प्राकृतिक आपदा भीषण तूफान के कारण जिले भर में हुई जान माल की क्षति से संबंधित जानकारियां साझा की। उन्होंने कहा कि सभी मृतकों का सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार सभी मृतक के आश्रितों को अनुग्रह अनुदान की राशि उनके खाते में भेज दी गई है। उन्होंने बताया कि चिकित्सकों की विशेष टीम द्वारा चिन्हित घायलों का इलाज किया



जा रहा है। बिहार में नालंदा के जिलाधिकारी शशांक ने बताया कि भीषण आंधी के कारण मुख्य सड़कों पर से गिरे हुए वृक्षों को हटाया गया है, मुख्य मार्गों को चालू कर दिया गया है, छोटे सड़क मार्गों से भी गिरे पेड़ हटाने का कार्य प्रगति पर है। बिहार में नालंदा के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने बताया कि जिले भर में भीषण तूफान से हुई फसल क्षति एवं गृह क्षति का आकलन टीम के द्वारा तेजी से किया जा रहा है, जिससे प्रभावित लोगों को आपदा प्रबंधन के तहत नियमानुसार उनको लाभ दिया जा सके। उन्होंने बताया कि भीषण तूफान से पांच पशु यथा दो गायें एवं तीन भैंसों की मृत्यु हुई है। पोस्टमॉर्टम के बाद आश्रितों को आपदा प्रबंधन प्रावधानों के तहत मुआवजा प्रदान किया जाएगा।

### विद्युत व्यवस्था को भी पहुंचा व्यापक नुकसान

जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने बताया कि विद्युत व्यवस्था को भी व्यापक नुकसान पहुंचा है। 320 से ज्यादा पोल एवं ट्रांसफार्मर को नुकसान हुआ है। शहरी क्षेत्रों में विद्युत संपर्क चालू कर दिया गया है। विद्युत आपूर्ति का कार्य निरंतर प्रगति पर है कुछ जगहों पर विद्युत आपूर्ति के लिये जनरेटर की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

# हेमंत सोरेन ने हरिशंकर पत्रलेख को दी श्रद्धांजलि



**रांची,**11 अप्रैल (एजेंसियां)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन शुक्रवार को पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख के देवघर जिला, कुशमाहा स्थित पैतृक आवास पहुंचे। मुख्यमंत्री ने वहां पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख के पिता स्व. हरिशंकर पत्रलेख की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। विधायक कल्पना सोरेन ने भी स्व. हरिशंकर पत्रलेख की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री सोरेन एवं विधायक सोरेन ने पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख एवं उनके अन्य शोकाकुल परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की तथा उनका ढांढ़स बंधाया।

# तहव्वुर राणा की वापसी भाजपा की विफलता : सुधाकर सिंह

**बक्सर,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। 26/11 मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को अमेरिका से भारत लाए जाने को लेकर जहां भाजपा इसे बड़ी कूटनीतिक सफलता बता रही है, वहीं बक्सर के राजद सांसद सुधाकर सिंह ने इसे भाजपा की विफलता करार दिया है। सांसद सुधाकर सिंह ने कहा कि मैं इसे कोई उपलब्धि नहीं, बल्कि भाजपा की विफलता मानता हूं, क्योंकि इस मामले में 11 साल का लंबा समय लग गया। 2008 की घटना के बाद यूपीए सरकार के कार्यकाल में ही तहव्वुर राणा को भारत लाने के सभी कानूनी दस्तावेज अमेरिका को सौंप दिए गए थे, लेकिन भाजपा की सरकार ने इसे भी हिंदू-मुस्लिम चश्मे से देखने का काम किया। उन्होंने कहा कि ऐसे गंभीर राष्ट्रीय मुद्दों पर भी भाजपा ने केवल राजनीति की है और देश को जवाब देना होगा कि आखिर तहव्वुर राणा को भारत लाने में 11



■ मामले में 11 साल का लगा लंबा समय

साल क्यों लग गए। उन्होंने कहा, जो राष्ट्रवाद की राजनीति करते हैं, उन्हें देश को जवाब देना होगा। वता दें कि तहव्वुर राणा को गुरुवार को अमेरिका से भारत लाया गया।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने नई दिल्ली के आईजीआई हवाई अड्डे पर पहुंचते ही उसे हिरासत में ले लिया। इसके बाद राणा को पटियाला हाउस स्थित एनआईए की विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 18 दिन की हिरासत में भेज दिया गया।

## कवायद — जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियों पर लगेगी रोक

# सेना ने एनएच-44 पर सुरक्षा व्यवस्था को किया और मजबूत

**श्रीनगर, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियों को रोकने और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने के लिए सेना ने राष्ट्रीय राजमार्ग 44 (एनएच-44) पर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया है। यह राजमार्ग केंद्र शासित प्रदेश के कई हिस्सों को जोड़ता है। आतंकवादियों द्वारा** हथियारों और सामान की तस्करी के लिए इसका इस्तेमाल करने की कोशिशों को नाकाम करने के उद्देश्य से सेना ने कई बड़े कदम उठाए हैं। सेना ने राजमार्ग पर दिन-रात गश्त बढ़ा दी है। खास तौर पर संवेदनशील इलाकों और महत्वपूर्ण जगहों पर नजर रखी जा रही है।

जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ मिलकर कई जगहों पर मोबाइल वाहन चेक पोस्ट (एमवीसीपी) बनाए गए हैं। ये चेक पोस्ट अचानक जांच करते



हैं, जिससे आतंकियों के लिए इस मार्ग का दुरुपयोग करना मुश्किल हो गया है। इन चेक पोस्ट पर संदिग्ध वाहनों और लोगों की तलाशी ली जा रही है। सुरक्षा को और पुख्ता करने के लिए आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है। प्रमुख चौराहों और राजमार्ग के प्रवेश-निकास बिंदुओं पर उन्नत वाहन स्कैनर, एआई आधारित फेस रिकग्निशन सिस्टम और ऑटोमेटेड नंबर प्लेट रिकग्निशन सिस्टम लगाए गए हैं। ये तकनीकें रियल-टाइम जानकारी देती हैं और संदिग्ध गतिविधियों को तुरंत पकड़ने में मदद करती हैं।

■ संवेदनशील इलाकों और महत्वपूर्ण जगहों पर रखी जा रही है नजर

■ जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ मिलकर कई जगहों पर मोबाइल वाहन चेक पोस्ट बनाए गए हैं

इससे आतंकी खतरों को पहले ही रोकने में आसानी हो रही है। सेना के अधिकारियों का कहना है कि इन उपायों से अच्छे नतीजे मिल रहे हैं। हाल के सप्ताहों में कई संदिग्ध गतिविधियों को रोका गया है। बढ़ी हुई गश्त और तकनीकी निगरानी ने आतंकियों के लिए इस राजमार्ग का इस्तेमाल मुश्किल कर दिया है। इन कदमों से आतंकी नेटवर्क को कमजोर करने में मदद मिल रही है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के सहयोग से भारतीय सेना का यह प्रयास क्षेत्र में शांति बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण है। सेना का कहना है कि वह आतंकवाद को खत्म करने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इन सुरक्षा उपायों से आतंकियों को अलग-थलग करने और उनके मंसूबों को नाकाम करने में मदद मिलेगी। स्थानीय लोगों ने भी सेना के इन प्रयासों की सराहना की है। उनका कहना है कि एनएच-44 पर बढ़ी सुरक्षा से न केवल आतंकी गतिविधियां रुकेंगी, बल्कि आम लोगों का सफर भी सुरक्षित होगा।

भारतीय सेना का यह प्रयास जम्मू-कश्मीर में शांति और स्थिरता की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## संक्षिप्त समाचार

### मंशापूर्ण बालाजी के जन्मोउत्सव पर सुन्दरकाण्ड विशाल भजन संध्या आज

उदयपुर। मीरानगर भुवाणा गौरेश्वर महादेव मंदिर पर मंशापूर्ण बालाजी मंदिर हनुमान जन्मोत्सव बडे धुमधाम से मनाया जायेगा। धर्मात्सव समिति के सदस्य दिनेश शर्मा ने बताया कि शनिवार 12 अप्रैल को मंदिर पर मंशापूर्ण बालाजी सुबह 7 से सुबह 10 बजे तक हवन कार्यक्रम होगा। उसके बाद शाम 6 बजे से संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ किया जायेगाए विशाल भजन संध्या पर हनुमानजी व महादेव भगवान के भजन हरीश मेनारिया द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी। महाआरती के बाद प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रहेगा। सभी भक्तों को घर.घर जाकर निमंत्रण दिया गया है। प्रभु इच्छा तक भजन संध्या चलती रहेगी । कार्यक्रम को लेकर सभी कार्यकर्ता दिन रात लगे है ।

### 13 अप्रैल को होगा 1008 पार्श्वनाथ भगवान के विधान का आयोजन

उदयपुर। श्री दिगम्बर जैन बीसा नरसिंहपुरा समाज तेरापंथ आमनाय समाज द्वारा सन् 2016 में प्रतिष्ठित 1008 नेमिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर हिरण मगरी सेक्टर-3 उदयपुर में 13 अप्रैल को प्रातः 1008 पार्श्वनाथ महामण्डल विधान का भव्य आयोजन किया जायेगा। विधान की भूमिका में समाज के अध्यक्ष पारस सिंघवी ने बताया कि विधान के आयोजक परिवार कमला देवी-शांतिलाल, राजेश-अंजना, सिद्धार्थ -निकिता टाया रहेंगे। समाज के श्रेष्ठी महेन्द्र टाया ने बताया कि विधान भगवान पार्श्वनाथ का है इसमें भगवान की पूजन एं 65 अर्घ्य श्रीजी के चरणों मे समर्पित किए जाएंगे। महामंत्री राजेन्द्र अखावत ने बताया कि विधान पंडित अंकित जैन शास्त्री के निर्देशन में सम्पन्न होगा।

### मनीषा आमेटा को पीएचण्डी की उपाधि

उदयपुर। जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड.टू.बी विश्वविद्यालय), उदयपुर के दीक्षांत समारोह में केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने मनीषा आमेटा को शिक्षा संकाय में पीएचण्डी की उपाधि प्रदान की। मनीषा आमेटा ने 'दक्षिणी राजस्थान के जनजाति जिलों में शैक्षिक पर्यवेक्षणः प्रावधान, प्रक्रिया एवं समस्याएँ' विषय पर सहायक आचार्य डॉ. हरीश कुमार मेनारिया के निर्देशन में अपना शोध कार्य सफ्लतापूर्वक पूर्ण किया। शोध में दक्षिणी राजस्थान के जनजातीय जिलों में शैक्षिक पर्यवेक्षण की वर्तमान व्यवस्थाए कार्यप्रणाली और इससे संबंधित समस्याओं का गहन अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। यह शोध क्षेत्रीय शैक्षिक व्यवस्थाओं में सुधार की संभावनाओं को रेखांकित करता है और नीति-निर्माताओं के लिए एक महत्वपूर्ण सन्दर्भ संदर्भ के रूप में सामने आता है।

### सिविल इंजीनियर जोशी को मिला द मोस्ट डायनामिक रॉल इन कंस्ट्रक्शन अवार्ड

उदयपुर। शहर के सिविल इंजीनियर महेंद्र जोशी को निर्माण कार्य में नवाचार करने एवं इस क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए दिल्ली में इंटरनेशनल बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड द मोस्ट डायनामिक रॉल इन कंस्ट्रक्शन 2025 से सम्मानित किया गया। जोशी को ये सम्मान फिल्म अभिनेता पुनीत इस्सर (दुर्योधन फेम) ने दिया। जोशी ने कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री में हाउस प्लानिंगएवास्तु एकम बजट में बेहतर सेवा व नई तकनीकी और सामाजिक सेवाओं के लिए विशेष कार्य किया है जिसकी वजह से उन्हे यह सम्मान दिया गया।

### निधि को संगीत में मिला गोल्ड मेडल

**उदयपुर।** जनार्दनराय नागर विश्वविद्यालय के सभागार में आज आयोजित हुए 20 वें दीक्षांत समारोह में संगीत(शास्त्रीय गायन) वर्ष 2023-24 बैच में प्रथम आने पर निधि सक्सेनाको स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत थे।

### पीएचईडी मंत्री शनिवार को लेंगे बैठक

उदयपुर। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं भू जल विभाग मंत्री श्री कन्हैयालाल शनिवार 12 अप्रेल को उदयपुर जिले के प्रवास पर रहेंगे। जिला कलक्टर ने बताया कि पीएचईडी मंत्री सुबह 10.35 बजे सड़क मार्ग से एकलिंग जी पहुंच कर दर्षन करेंगे। 11 बजे एकलिंग जी से प्रस्थान कर 11.30 सर्किट हाउस उदयपुर आएंगे। मंत्री कन्हैयालाल दोपहर 12 बजे जिला परिषद सभागार में उदयपुर एवं राजसमंद जिलों के विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे। इसके पश्चात दोपहर 2.15 बजे टोडारायसिंह टोंक के लिए प्रस्थान करेंगे।

### राइजिंग पाइपलाइन क्षतिग्रस्त, जलापूर्ति एक दिन आगे बढ़ाई

उदयपुर। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के नगर उपखण्ड सप्तम अंतर्गत मानसी वाकल परियोजना की राइजिंग पाइपलाइन केबल खुदाई कार्य के चलते क्षतिग्रस्त हो गई है। सहायक अभियंता यामिनी उपाध्याय ने बताया कि बोहरा गणेष मंदिर के समीप एयरटेल केबल कार्य के दौरान मानसी वाकल परियोजना की राइजिंग पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। सूचना मिलते ही विभाग ने पाइप लाइन मरम्मत का कार्य प्रारंभ कर दिया है। इसके चलते गांधीनगर कॉलोनी, आम्रपाली कॉलोनी, विक्रमादित्य चौराहा, गांधीनगर कॉम्प्लेक्स ए, बी, सी आदि, प्रताप नगर जलाशय एवं बोहरा गणेश जी जलाशय की 12 अप्रेल को होने वाली जलापूर्ति एक दिन आगे बढ़ाई गई है।

### जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा 12 को

उदयपुर। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से आयोजित जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा 12 अप्रेल को दो पारियों में आयोजित होगी। उदयपुर में परीक्षा के सुचारू रूप से आयोजन को लेकर जिला कलक्टर नमित मेहता के निर्देषन में संपूर्ण तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा समन्वयक एवं एडीएम प्रषासन दीपेंद्रसिंह राठौड़ ने बताया कि उदयपुर जिले के 82 परीक्षा केंद्रों पर दो पारियों में कुल 28001 अभ्यर्थी भाग लेंगे। पहली पारी सुबह 10 से 12 बजे तक तथा द्वितीय पारी अपराह्न 3 से 5 बजे तक चलेगी। परीक्षा के सुचारू एवं पारदर्षी संचालन को लेकर सभी आवष्यक व्यवस्थाएं सुनिष्चित कर ली गई हैं।

### 13 को होगी एनडीए एण्ड एनए तथा सीडीएस परीक्षा

**उदयपुर।** संघ लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित एनडीए एण्ड एनए तथा सीडीएस परीक्षा 13 अप्रेल को अलग-अलग पारियों में आयोजित होगी। परीक्षा समन्वयक एवं एडीएम प्रषासन दीपेंद्रसिंह ने बताया कि परीक्षा को लेकर उदयपुर जिले में 5 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

## विद्यापीठ का 20वां भव्य दीक्षांत समारोह : मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत बने आज से डाक्टर

# अमृत पीढ़ी से 'सपनों का भारत' गढ़ने का आह्वान : डॉ. गजेन्द्र सिंह

## समारोह में 101 मेधावियों को स्वर्ण पदक और 97 को पीएचडी की उपाधि से नवाजा गया









उदयपुर। आज विश्व में शिक्षा का परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। भारत असीम संभावनाओं के द्वार पर खड़ा है। अब हमें मात्र संख्यात्मक नहीं, बल्कि गुणात्मक प्रगति पर ध्यान केंद्रित करना होगा। किसी संस्थान या राष्ट्र के आत्म मूल्यांकन के दो तरीके हो सकते हैं एक, जो हमने पाया उस पर गर्व करना, और दूसरा, यह सोचना कि हम क्या कर सकते थे जो अब तक नहीं किया। आत्मसंतुष्टि कहीं न कहीं ठहराव लेकर आती है। इसलिए हमें निरंतर आत्ममंथन करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। ये विचार केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत शु' वार को जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित 20वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के पद से व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की प्रगति पर बोलते हुए उन्होने अमृत पीढ़ी को विकसित भारत के निर्माण आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, साइबर सिक्योरिटी, एआई-बेस्ड जीनोम सीक्वेंसिंग, रोबोटिक्स, इंफॉर्मेशन साइंसेज, डेटा साइंसेज, ऑटोमेशन और मेंटल हेल्थ जैसे क्षेत्रों में अपनी भूमिका सुनिश्चित करनी होगी। शेखावत ने कृषि के क्षेत्र भावी संभावनाओं और प्रयासों को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत में अब भोजन को मात्र मात्रा में नहीं, बल्कि उसकी न्यूट्रिशनल वैल्यू के आधार पर मापा जाना चाहिए। अब समय आ गया है कि हम अपने फूड प्रोडक्ट्स को न्यूट्रिशनल वैल्यू के आधार पर वर्गीकृत करें। आने वाले समय में भारत की शहरी आबादी का आधा हिस्सा अपना भोजन घर में नहीं, बल्कि इंडस्ट्री से प्राप्त करेगा फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में भारत अब भी पीछे है हम कुल उत्पादन का मात्र 2फिसदी ही प्रोसेस कर पा रहे हैं। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत करते हुए कुलपति कर्नल प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने विद्यापीठ की विकास यात्रा को बताते हुए कहा कि तीन रूपयें एवं पांच कार्यकर्ताओं से स्थापित इस संस्थान ने आज वटवृक्ष का रूप ले लिया है जिसका सालाना 60 करोड़ का बजट है और 10 हजार से अधिक विद्यार्थी नियमित रूप से अध्ययनरत है। जनुभाई का सपना था कि वंचित वर्ग को शिक्षा से जोड़ा जाये, उसी उद्देश्य को लेकर संस्था आज भी कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विद्यापीठ का ध्येय वाक्त सरस्वती देवयंतो हवन्ते, हम विद्यार्थियों को ऐसी शिक्षा दे जिससे उनमें देवत्व जागृत हो। शिक्षा का अंतिम लक्ष्य मोक्ष की प्राप्ति है। शिक्षा से सीखने की शुरूआत से रचनात्मका का जन्म होता है जिससे सोच विकसित होती है। सच्ची सोच के विकसित होने से ही सत्य ज्ञान का प्रार्दभाव होता है। यही से शिक्षा और जीवन के उद्देश्य की पूर्ति होती है। अपने संबोधन में सारंगदेवोत ने कहा कि संस्थान की विकास यात्रा जन्नूभाई के आदर्शों के प्रकाश में नितनई उंचाईयों पर जारी है। इस अवसर पर उन्होने नई शैक्षणिक योजनाएं एवं पाठ्य' मों की जानकारी साझा की। उन्होंने संस्थान के सफ्लता का श्रेय विश्वविद्यालय के समर्पित कार्यकर्ताओं को दिया। उन्होंने कहाकि अन्तर्राष्ट्रीय जर्नल में 67, राष्ट्रीय स्तर की जर्नल मेकं 173 शोध पत्र प्रकाशित हुए है। 40 से अधिक फेकल्टी सदस्यों को राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित हो चुके है। शोध को बढावा देने के उद्देश्य से इस वर्ष 50 लाख रूपये सीड मनी के रूप में शैक्षिक कार्यकर्ताओं को दिये जायेगे। उन्होनें कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल व्यक्तिगत उन्नति नहीं, बल्कि सामाजिक उत्थान भी है इसलिए दीक्षांत समारोह के दौरान विद्यार्थियों को यह संकल्प दिलाया जाता है कि वे सत्य और न्याय के मार्ग पर चलेगे, समाज और राष्ट्र की सेवा करेंगे, अपने ज्ञान का उपयोग सद्भाव और मानवीय मूल्यों के विकास के लिए करेंगे।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन ने बताया कि समारोह में अतिथियों द्वारा पीएचडी धारकों को उपाधियां एवं विभिन्न स्नातक-स्नातकोत्तर परीक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए। इस अवसर पर 97 पीएचडी धारकों को उपाधियां प्रदान की गई जिसमें 65 छात्राएं और 101 मेधावी विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किए गए, जिसमें 65 छात्राएं शामिल है। समारोह की

# रोटरी क्लब उदयपुर द्वारा वरिष्ठ नागरिक सम्मान




पल पल राजस्थान

**उदयपुर।** रोटरी क्लब उदयपुर द्वारा आज रोटरी बजाज भवन में वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में सात वरिष्ठ नागरिकों को उनके उल्लेखनीय सेवाओं हेतु सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विज्ञान समिति के संस्थापक डॉ. के.एल.कोठारी थे।इस अवसर पर

क्लब अध्यक्ष अनिल छाजेड़ ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की रीढ़ है। वे समाज की शान है। हमारें मूल्य हमें इस प्रकार के सम्मान करनें की प्रेरणा देते है। वरिष्ठ नागरिकों से हमें जीवन में आगे बढ़नें एवं उनके अनुभव हासिल करनें की सीख मिलती है।

मुख्य अतिथि के.एल.कोठारी ने कहा कि आज जिन वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया,उन्होंने अपने जीवन में समाज को काफी कुछ लौटाया है। समाज उनके अनुभवों का लाभ हासिल कर रहा है। विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रांतपाल निर्मल सिंघवी ने कहा कि आज देश में 65 वर्ष आयु के उपर पंहुचने वाले देश में मात्र 8 प्रतिशत लोग है उनसे मार्गदर्शन लेना समाज के लिये हितकर है ।इस अवसर पर सात

वरिष्ठ नागरिक सम्मानित-किए गए जिनमें वरिष्ठ नागरिक डॉ. आर.के.गर्ग,प्रकाश तातेड़,जी.एल.मेनारिया,पुष्पा कोठारी,सुरेश सियोदिया, विजेन्द्र दोशी, भंवरलाल पोखरना को मुख्य अतिथि के.एल.कोठारी,क्लब अध्यक्ष अनिल छाजेड़,पूर्व प्रान्तपाल निर्मल सिंघवी, डॉ. निर्मल कुणावत, कमेटी चेयरमैन लक्ष्मणसिंह कर्णावट, सचिव भरत सरूपरिया ने तिलक लगाकर,उपरना ओढ़ाकर, एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

समारोह में बोलते हुए डॉ.आर.के.गर्ग ने कहा कि यह देश में बच्चों को विज्ञान समिति, शिक्षक और रोटरी क्लब्स विज्ञान का प्रशिक्षण दे रहा है। समारोह को प्रकाश तातेड़,जी.एल. मेनारिया,पुष्पा कोठारी व भंवरलाल पोखरना ने भी संबोधित किया। प्रारम्भ में ऋतु मेहता ने ईश वंदना प्रस्तुत की। सतीश जैन,तेजसिंह मोदी,दीपक मेहता ने अतिथि का स्मृति चिन्ह प्रदान किया। पदम दुगड़ ने कोठारी का परिचय दिया। कार्य' म का संचालन लक्ष्मणसिंह कर्णावट ने किया। अंत में आभार सचिव भरत सरूपरिया ने ज्ञापित किया।

### जैन समाजजन 9 दिवसीय दुबई यात्रा पर रवाना

**उदयपुर।** जैन समाज के 135 सदस्य आज फ्लेमिंगो ट्रैवल्स के साथ दुबई की 9 दिवसीय यात्रा पर रवाना हुए। यह यात्रा आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों से परिपूर्ण होगी। समाज प्रमुख अशोक शाह ने बयाया कि यात्रियों के लिए दुबई के प्रमुख दर्शनीय स्थलों, धार्मिक स्थलों एवं शॉपिंग डेस्टिनेशन्स का विशेष कार्य' म निर्धारित किया गया है। समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं और बच्चों सहित सभी आयु वर्ग के लोग इस यात्रा में शामिल हैं। जैन फुद्ध के साथ आयोजन को सफ्ल बनाने में फ्लेमिंगो ट्रैवल्स की भूमिका सराहनीय रही है। शाह ने बयाया कि यह यात्रा आपसी मेल-जोल और धार्मिक एकता को और मजबूत करेगी। समाज अध्यक्ष रमेश शाह ने बताया की आज रात्रि आठ बजे तीन बस से अहमदाबाद रवाना हुई, सुबह की फ्लाइट से अहमदाबाद से दुबई जाएँगे

# जिबावे में प्रस्तावित कॉप-15 में उदयपुर को मिलेगा वेटलैण्ड सिटी सर्टिफिकेट

उदयपुर रामसर कर्वेषन ऑन वेटलैण्ड की ओर से आगामी 23 से 31 जुलाई 2025 तक जिम्बाम्वे में प्रस्तावित कॉप-15 कांफ्रेन्स में विष्व भर में नव घोषित 31 वेटलैण्ड सिटी को सर्टिफिकेट और अधिस्वीकरण पत्र प्रदान किए जाएंगे। इसके तहत 24 जुलाई को होने वाले समारोह के लिए जिला कलक्टर एवं नगर निगम प्रषासक नमित मेहता को आमंत्रण पत्र भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि उदयपुर शहर को हाल ही वेटलैण्ड सिटी सूची में शामिल किए जाने की घोषणा की गई थी। रामसर कर्वेषन ऑन वेटलैण्ड की ओर से जिम्बाम्वे स्थित एलिफेण्ट हिल्स रिसार्ट एण्ड कांफ्रेन्स सेंटर, विक्टोरिया फॉल में 23 से 31 जुलाई तक वेटलैण्ड को लेकर कॉप-15 कांफ्रेन्स का आयोजन किया जा रहा है। इसी कांफ्रेन्स के दरम्यान 24 जुलाई को वेटलैण्ड सिटी सर्टिफिकेट वितरण के लिए विषेष समारोह आयोजित किया जा रहा है। इसके लिए नगर निगम प्रषासक व कलक्टर नमित मेहता को आमंत्रित किया गया है।

### दत्तात्रेय भगवान मंदिर,मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम जारी

**उदयपुर।** श्री नांदेश्वर महादेव मंदिर निर्माण एवं विकास समिति द्वारा नाई गांव स्थित नांदेश्वर महादेव मंदिर में पांच दिवसीय श्री श्री दत्तात्रेय भगवान मंदिर,मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं पंच कुण्डीय महायज्ञ में आज स्थापित देव पूजन, दण्ड़क हवन, स्थापित देव हवन, धान्याधिवास के आयोजन हुए। पंचकुण्डीय यज्ञ में 25 यजमानों ने आहुतियां दी। भवानीशंकर पुजारी ने बताया कि .इस आयोजन में आज नाई निवासी प्रधान विनोद दलाल,पंचायत समिति में नेता प्रतिपक्ष गुणवन्त कोठारी सहित अनेक लोगों ने यज्ञ में आहुतियां देकर सर्व समाज एवं देश के कल्याण का कामना की। शनिवार 12 अप्रेल को स्थापित देव पूजन, हवन एवं रूद्र याग, मूर्ति न्यास जलाधिवास कार्यक्रम होंगे। इस आयोजन में आस-पास के 12 गावों के लोग भाग ले रहे है।

## उपहार प्लॉट वितरण के लिए शपथ पत्र जमा करने की अपील

उदयपुर। लाईफ प्रोग्रेसिव सोसायटी उदयपुर द्वारा आयोजित सर्व समाज सर्व धर्म सामूहिक विवाह सम्मेलन नियामुनासर जिन वधुओ को उपहार प्लॉट वितरण के लिए जो शपथ पत्र मांगे गए थे उनको जमा करने को कहा था वो 10 मई 2025 तक जमा करा देवं ताकि रजिस्ट्री की कार्यवाही की जा सकें। अध्यक्ष डॉ खलील अगवानी ने बताया कि जल्दी सभी वधुओ को उपहार प्लॉट वितरण कर दिए जाएंगे। 1नवंबर 2024 से सोसायटी के सभी कार्यों को आगामी सूचना तक स्थगित कर रखे हैं। लाइफ प्रोग्रेसिव सोसायटी उदयपुर 13 साल से समाज को उत्थान के लिए और भारत की मुख्य धारा के लिए बहुत कार्य किये जिसमें आर्थिक विकास, शैक्षणिक,सामाजिक रोजगार , चिकित्सा संबंधी सेवा सरकारी योजना का लाभ ,जरूरतमंदो को खाद्य सामग्री वितरण, सामूहिक विवाह सम्मेलन छात्र छात्राओं को वार्षिक फीस ,ड्रेसेस,बुक्स कॉपीज,स्वेटर, रोजगार परशिक्षण सिलाई मेहंदी, कम्प्यूटर, ब्यूटी पार्लर,कपड़े की थैलियां,रेडीमेड गारमेण्ट कैरियर काउंसलिंग अनेक कार्य किए गए।डॉ. अगवानी ने बताया की पहले उपहार प्लॉट वितरण के बाद ही शुरु किए जाऐंगे। सचिव फातिमा अगवानी ने बताया कि शीघ्र ही आगामी सामाजिक कार्य घोषित किए जाएंगे।

# बिजली-पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित को लेकर जिला प्रशासन गंभीर

उदयपुर। भीषण गर्मी के दौर में बिजली-पानी की निर्बाध आपूर्ति को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से गंभीर है। जिला कलक्टर नमित मेहता ने शुक्रवार को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग तथा अजमेर डिस्कॉम के अधिकारियों की बैठक लेकर आवष्यक दिसा-निर्देष दिए। इसके अलावा सभी उपखण्ड अधिकारियों को अपने क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की लगातार मोनिटरिंग करते हुए आवश्यक कदम उठाने के भी निर्देष दिए। जिला कलक्टर श्री मेहता ने शुक्रवार को कलक्ट्रेट कक्ष में बिजली और जलापूर्ति व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने पीएचईडी के अधिकारियों से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सब-डिजीवन वार जलापूर्ति की स्थिति, पानी की उपलब्धता, संवेदनषील क्षेत्रों के लिए बैकअप प्लान आदि की जानकारी ली। उन्होंने हैंडपंप व नलकूप के बकाया सभी काम 30 अप्रेल तक पूर्ण कराने के लिए पाबंद किया। जिला कलक्टर ने अजमेर डिस्कॉम के अधिकारियों से भी सब डिवीजन वार बिजली की मांग, खपत, ट्रिपिंग, लोड आदि की जानकारी ली। साथ ही पिछले दो-तीन दिन में तकनीकी समस्या के चलते आई परेषानी और उसके निस्तारण की तथ्यात्मक जानकारी ली। बैठक में पीएचईडी एवं अजमेर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता, अधिषासी अभियंता, सहायक अभियंतागण आदि उपस्थित रहे। जिला कलक्टर ने कहा कि भीषण गर्मी के दौर में बिजली-पानी आपूर्ति संबंधी समस्याएं रह सकती हैं। अधिकारी नियमित रूप से फील्ड विजिट कर संभावित समस्याओं को चिन्हित कर उनका त्वरित समाधान करें। उन्होंने अधिकारियों को आमजन से संपर्क में रहने की भी हिदायत दी। उन्होंने कहा कि अधिकारी फोन हमेषा चालू रखें तथा लोगों को संतोषप्रद जवाब दें।

## श्रीगुरु बजरंग आशीर्वाद मंदिर से निकली शोभायात्रा

**भीलवाडा।** शहर के संजय कॉलोनी में स्थित श्री गुरु बजरंग आशीर्वाद मंदिर से महंत काका राम के सानिध्य मे शुक्रवार शाम 4 बजे भव्य शोभायात्रा निकली जो शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए श्री गेस्ट हाउस चौराहे पहुचने पर महाकाल महाआरती आयोजित हुई जिसमें सभी क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढकर भाग लिया। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। जगह.जगह लगाए गए बेरिकेड्स और तैनात जवानों ने यातायात और व्यवस्था को बखूबी संभाला। शोभायात्रा के दौरान केकडी अखाडा, भीलवाडा के वीर बजरंगी अखाडा, दुर्गाशक्ति अखाडा के बहनों द्वारा अद्भुत हैरतअंगेज अखाडा प्रदर्शन हुआ। शोभायात्रा के दौरान, बैंड.बाजेए व डीजे की धुन के साथ शहर का माहौल भक्तिमय हो गया जयकारों की गूंज और केसरिया लहराते झंडों ने शहर की फिज़ा को हनुमानमय बना दिया। मुख्य मार्गों से निकली शोभायात्रा में श्रद्धालुओं की भीड ऐसी उमडी कि हर गली.मोहल्ला जय श्रीराम और बोल बजरंगी लाल की जय से गूंज उठा। शोभायात्रा के दोरान राह चलते लोग रुक.रुक कर तस्वीरें खींचते नजर आए। लेकिन असली तडका तो तब लगाए जब अखाडों के लाठीबाजों ने करतब दिखाने शुरू किए कोई हवा में कलाबाजी करता दिखा तो कोई जमीन पर दांव-पेंच की कला दिखाता। भीड ने जमकर तालियां बजाईं। महिलाएं और बच्चे छतों से फूल बरसाते नजर आए, मानो आसमान से आशीर्वाद झर रहा हो। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं के लिए छाछ और ठंडे पानी की व्यवस्था भी की, जो काफी सराहनीय रही।

धूम्रपान करने वाली महिलाएं हो जाएं सावधान

# बांझपन का करना पड़ सकता है सामना



■ महिलाओं में गर्भपात का खतरा 25 से 30 प्रतिशत ज्यादा

■ धूम्रपान करने वाली महिलाओं के बच्चों को उचित पोषण की समस्या

**नई दिल्ली,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। धूम्रपान का चलन तेजी से बढ़ता जा रहा है। महिलाएं भी इसमें पीछे नहीं हैं। कई महिलाएं तो इस गफलत में हैं कि सिगरेट और शराब का सेवन उनके आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण का प्रतीक है। इस वजह से संभ्रांत वर्ग की कई महिलाएं सिगरेट और शराब को अपनी जिंदगी का अभिन्न हिस्सा बना चुकी हैं। यह सर्वविदित है कि धूम्रपान स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। चिकित्सक भी इसके खतरे से चेताते रहते हैं।

आज (11 अप्रैल) राष्ट्रीय मातृत्व सुरक्षित दिवस है। ऐसे में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य पर चौतरफा खुलकर बात हो रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, औसतन हर दिन 52 से 70 गर्भवती महिलाओं की मृत्यु प्रसव या उससे संबंधित जटिलताओं के कारण होती है। हालांकि, केंद्र सरकार की तरफ से मातृत्व मृत्यु पर अंकुश लगाने के लिए अनेक योजनाओं की शुरुआत की गई है, जिसके सकारात्मक नतीजे भी देखने को मिल रहे हैं। लेकिन, मौजूदा समय में यह सवाल भी उठ रहा है कि जिस तरह से महिलाओं के बीच (खासकर कम उम्र की युवतियों के बीच) धूम्रपान का चलन बढ़ रहा है, उससे उनके गर्भावस्था के दौरान किस तरह का दुष्प्रभाव पड़ सकता है।

अगर कोई युवती अभी 18 साल की है और वो 25 साल की उम्र तक लगातार धूम्रपान करती है। इसके बाद जब उसकी शादी होगी और वो गर्भवती होगी, तो ऐसी स्थिति में उसके और उसके बच्चे के स्वास्थ्य पर किस तरह का दुष्प्रभाव पड़ सकता है। इसी को लेकर राष्ट्रीय मातृत्व सुरक्षा दिवस के मौके पर डॉ. सीके बिरला अस्पताल के आस्था दयाल और फोर्टिस अस्पताल के डॉ. दीप्ति अस्थाना बताती हैं कि धूम्रपान हर किसी के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। चाहे वो पुरुष हो या स्त्री, लेकिन जब स्त्री की आती है, तो उनके स्वास्थ्य और उनकी आंतरिक संरचना पुरुषों की तुलना में कई पहलुओं से भिन्न होती है। ऐसी स्थिति में उन्हें कई बातों का ध्यान रखना चाहिए, क्योंकि युवतियां आगे चलकर मां बनेंगी, तो वो कई मामलों में पुरुषों से बेहद अलग हो जाती हैं।

डॉ. बताती हैं कि जो महिलाएं धूम्रपान करती हैं, उनमें अन्य महिलाओं की तुलना में गर्भपात ]का खतरा ज्यादा होता है। धूम्रपान करने वाली महिलाओं में गर्भपात का खतरा 25 से 30 प्रतिशत ज्यादा रहता है। ऐसी स्थिति में महिलाओं को अपने बेहतर भविष्य के लिए धूम्रपान को छोड़ना अच्छा कदम साबित होगा। डॉ. के मुताबिक इसके साथ ही धूम्रपान करने वाली महिलाओं में प्रीमैच्योर डिलीवरी जैसी स्थिति भी देखने को मिलती है। ऐसी महिलाओं में 37 हफ्ते से पहले प्रसव की आशंका बनी रहती है। इस वजह से बच्चे को आईसीयू में रखा जाता है। बच्चा बहुत कमजोर होता है और उसे आगे चलकर भी स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। डॉ. आस्था बताती हैं कि धूम्रपान करने वाली महिलाओं के बच्चे का वजन सामान्य रूप से कम देखा गया है। इसके अलावा, धूम्रपान करने वाली महिलाओं का बच्चा गर्भ में भी मर जाता है। धूम्रपान करने वाली महिलाओं के बच्चों को उचित पोषण नहीं मिल पाता है।

# मधुमेह, संक्रमण के लिए रामबाण है

## बेलपत्र



बेलपत्र में विटामिन-ए, सी, बी6 के साथ कैल्शियम, फाइबर, पोटैशियम आदि पोषक तत्व

वात, अपच, पेट में जलन, कच्ची डकार जैसी पाचन संबंधित समस्याओं में राहत

**नई दिल्ली,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। हिंदू धर्म में भगवान महादेव को वैद्यनाथ भी कहा जाता है। स्वाभाविक रूप से उन्हें प्रिय बेलपत्र कई बीमारियों की अचूक दवा है। बेल के पेड़ की पत्तियां हों या फल, आयुर्वेद बताता है कि यह सेहत के लिए वरदान हैं। लाइलाज मधुमेह हो या संक्रमण से संबंधित कोई समस्या, बात लू लगने की हो या पाचन से संबंधित समस्याओं की, बेलपत्र इन्हें दूर करने में सक्षम है। आयुर्वेदाचार्य बताते हैं कि औषधीय गुणों से भरपूर बेलपत्र का आयुर्वेद में खासा स्थान है और इसके नियमित सेवन से कई शारीरिक समस्याओं को दूर किया जा सकता है।

बेलपत्र के औषधीय गुणों पर रोशनी डालते हुए पंजाब स्थित 'बाबे के आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल' के डॉ. प्रमोद आनंद तिवारी ने विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बेलपत्र में विटामिन-ए, सी, बी6 के साथ कैल्शियम, फाइबर, पोटैशियम आदि पाए जाते हैं। इसके अलावा, इसमें एंटीऑक्सीडेंट भी होते हैं। खाली पेट बेलपत्र खाने से मधुमेह के साथ रक्तचाप भी नियंत्रित होता है और संक्रमण होने का भी भय नहीं रहता। आयुर्वेदाचार्य ने बताया कि बेलपत्र का सेवन करने से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। इससे कई तरह के इंफेक्शन से भी बचाव हो सकता है। जो लोग वात, अपच, पेट में जलन, कच्ची डकार जैसी पाचन संबंधित समस्याओं से परेशान हैं, उनके लिए बेलपत्र फायदेमंद हो सकता है। इसमें फाइबर पाया जाता है, जो पेट के लिए लाभदायक होता है। सुबह खाली पेट ये पत्ते चबाने से पेट की समस्याओं से मुक्ति मिलती है। आयुर्वेदाचार्य ने बताया कि मधुमेह भले ही लाइलाज है, मगर इसे नियंत्रित कर इससे होने वाली समस्याओं से निजात मिल सकती है। बेलपत्र खून में शुगर लेवल को नियंत्रित करता है। ऐसे में मरीजों के लिए बेलपत्र का नियमित सेवन लाभकारी हो सकता है।

उन्होंने बताया कि बेल विटामिन्स से भरपूर होता है, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने के साथ ही गर्मियों में पाचन तंत्र को ठंडा रखता है और इसके पीने से शीतलता भी मिलती है। यह शरीर के तपन को भी दूर करता है।

# फिटनेस शारीरिक ही नहीं, मानसिक भी होता है : श्वेता त्रिपाठी



**मुंबई,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी फिटनेस को काफी महत्वपूर्ण मानती हैं। इसके लिए वह सख्ती के साथ नो-शुगर डाइट को भी फॉलो करती हैं। अभिनेत्री का मानना है कि फिटनेस सिर्फ शरीर से जुड़ा नहीं होता, बल्कि यह एक सोच या विचार भी है। यह मन से जुड़ा होता है। अपनी फिटनेस के बारे में श्वेता ने बताया कि मेरे लिए फिटनेस का मतलब सिर्फ शरीर से संबंधित नहीं है। यह एक मानसिकता है। अभिनेत्री ने बताया कि वह अपने पति चैतन्य शर्मा उर्फ स्लो चीता और ट्रेनर त्रिदेव को फिटनेस के लिए लगातार प्रोत्साहित करने का श्रेय देती हैं। उन्होंने कहा कि मैं लकी हूं कि मेरे पास पति और मेरे ट्रेनर जैसे कई लोग हैं, जो मुझे प्रोत्साहित करते रहते हैं। मैं नो शुगर डाइट को फॉलो करती हूं और इस छोटे से प्रयास ने मेरी काफी मदद की है। यह न केवल मुझे सकारात्मक रखने में मदद भी करता है।

उन्होंने बताया कि मेरे ट्रेनर और फिटनेस साथी त्रिदेव ने मुझे अनुशासन के साथ एक एथलीट की तरह ट्रेनिंग के लिए प्रेरित किया। मेरा फिटनेस शेड्यूल ताकत और चुस्ती को बढ़ाने पर केंद्रित है।

'मिर्जापुर' सीरीज, 'मसान', 'रात अकेली है' और 'कार्गो' जैसी फिल्मों में काम कर चुकी अभिनेत्री ने मार्च में अपनी पहली होम-प्रोडक्शन फिल्म की घोषणा की थी, जो महिलाओं पर आधारित होगी। श्वेता पिछली बार विपुल मेहता के निर्देशन में बनी फिल्म 'कंजूस मक्खीचूस' में नजर आई थीं। साल 2023 में रिलीज यह फिल्म प्रसिद्ध गुजराती ड्रामा 'सजन रे झूठ मत बोलो' पर आधारित है।

# टीबी के मरीजों को खोजेगा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इलाज में होगी आसानी



**गाजियाबाद,**11 अप्रैल टीबी एक ऐसी बीमारी है अगर सही समय पर मरीज को उपचार न मिले तो यह मरीज के लिए घातक साबित हो सकती है। कई मामलों में टीबी का उपचार नहीं मिलने से मरीजों की मौत भी हो जाती है। हालांकि, टीबी जैसी घातक बीमारी से निदान दिलाने के लिए केंद्र की मोदी सरकार लगातार प्रयासरत है। केंद्र सरकार टीबी को समाप्त करने के लिए लोगों को जागरूक भी कर रही है। पीएम मोदी ने 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है।

इस कड़ी में यूपी के गाजियाबाद में टीबी के मरीजों को खोजने के लिए अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। प्रदेश का पहला जिला गाजियाबाद बन जाएगा, जहां टीबी को खोजने के लिए इस तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। डिजिटल एक्स-रे मशीन में एआई सॉफ्टवेयर को इंस्टॉल कराया जाएगा, ताकि मरीज में टीबी के लक्षण मिलते ही मशीन खुद ही उसे चिह्नित कर दे। गाजियाबाद जिला टीबी अधिकारी डॉ. अनिल कुमार यादव ने बताया कि दो केंद्रों में एआई तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। इसकी इजाजत मिल गई है।

उन्होंने कहा कि इस तकनीक से सिर्फ डॉक्टरों को ही नहीं, बल्कि मरीजों को भी लाभ होगा। डॉक्टरों को मरीजों की रियल टाइम की रिपोर्टिंग मिल जाएगी। उन्होंने बताया कि गत वर्ष 21 हजार टीबी के मरीज सामने आए थे। जिनका इलाज शुरू किया गया। 31 दिसम्बर 2024 से 31 मार्च 2025 तक हमने एक कैंपेन चलाया है। इस कैंपेन के तहत 6500 मरीज टीबी के निकले। इसके बाद उनका इलाज शुरू किया गया।

उन्होंने बताया कि इस दौरान हमारे सामने सबसे बड़ी दिक्कत मरीजों की एक्सरे रिपोर्ट का इंतजार था। इससे दवा शुरू करने में समय लगता था। लेकिन, एआई तकनीक से मरीज के रियल टाइम एक्सरे के परिणाम अपडेट हो जाएंगे।

# 'लॉगआउट' में बाबिल के साथ काम करने का अनुभव शानदार रहा : रसिका दुग्गल



**मुंबई,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। अभिनेत्री रसिका दुग्गल बहुप्रतीक्षित ड्रामा 'लॉगआउट' में दिवंगत अभिनेता इरफान खान के बेटे बाबिल खान के साथ पहली बार स्क्रीन स्पेस शेयर करती नजर आएंगी। रसिका ने बताया कि बाबिल के साथ काम करने का उनका अनुभव शानदार रहा। रसिका ने बताया कि बाबिल के साथ काम करने का अनुभव खास रहा। वह दिलचस्प अभिनेता हैं और उन्हें काम में अपना सर्वश्रेष्ठ देते देखना दिल को छू लेने वाला था।

उन्होंने कहा कि मैं पहली बार बाबिल से तब मिली थी, जब मैंने उनके पिता इरफान के साथ किस्सा में काम किया था। अपने करियर की शुरुआत में इरफान के साथ काम करना मेरे लिए सम्मान की बात थी और बाबिल के करियर की शुरुआत में उनके साथ काम करना मेरे लिए बहुत खास है। यह एक चक्र की तरह लगा।

अभिनेत्री ने 'लॉगआउट' की टीम के बारे में कहा कि मैंने पहले भी निर्देशक अमित गोलानी, लेखक बिस्वपति सरकार, क्रिएटिव प्रोड्यूसर समीर सक्सेना के साथ काम किया है। वे बेहद प्रतिभाशाली हैं। मैं किस्सा के माध्यम से उस जुड़ाव को फिर से अनुभव करने के लिए उत्साहित हूं।

अमित गोलानी के निर्देशन में बनी लॉगआउट की कहानी को बिस्वपति सरकार ने लिखा है। बाबिल और रसिका दुग्गल के साथ इस प्रोजेक्ट में निमिशा नायर और गंधर्व दीवान भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

पोशम पा पिक्चर्स के सहयोग से डिजिटल 18 मीडिया प्राइवेट लिमिटेड ने लॉगआउट का निर्माण किया है।

यह भारतीय फिल्म महोत्सव मेलबर्न 2024 और रिवर टू रिवर फ्लोरेंस भारतीय फिल्म महोत्सव 2024 के साथ ही अन्य कई फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित की जा चुकी है, जिसमें इसे खूब सराहना मिली।

निर्माताओं ने हाल ही में फिल्म का ट्रेलर जारी किया था। 'लॉगआउट' का प्रीमियर 18 अप्रैल को जी5 पर होगा।

# सिर्फ नीति बनाना काफी नहीं, अपंजीकृत क्रिप्टो प्लेटफॉर्म्स को भी ठहराना होगा जवाबदेह



नई दिल्ली। क्रिप्टो संपत्तियां अब सिर्फ एक तकनीकी उत्सुकता नहीं रहीं, बल्कि वैश्विक वित्तीय और नियामकीय विमर्श का केंद्र बन चुकी हैं। अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं जैसे फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (FATF), इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (IMF) और फाइनेंशियल स्टेबिलिटी बोर्ड (FSB) ने साफ चेतावनी दी है कि क्रिप्टो एसेट्स का दुरुपयोग अवैध वित्तीय लेन-देन, मनी लॉन्ड्रिंग और टैक्स चोरी जैसे गंभीर जोखिम बढ़ा रहा है। भारत में भी यह चिंता अब वास्तविक रूप ले चुकी है। हाल ही में प्रकाशित रिपोर्ट "The Gambling and Betting Market in India" में खुलासा किया गया है कि अवैध सट्टेबाज़ी और जुए की वेबसाइटें क्रिप्टोकरेंसी के ज़रिए लेन-देन कर रही हैं — जिससे ये वित्तीय नियमों से बचकर बड़ी आसानी से काम कर पा रही हैं। इन प्लेटफॉर्म्स का संचालन अक्सर टैक्स हेवन देशों से होता है, और ये सोशल मीडिया और डिजिटल मार्केटिंग के ज़रिए भारत में भारी संख्या में यूज़र्स को आकर्षित कर रहे हैं।

# पोषण पखवाड़ा के तहत किशोर व किशोरियों के लिए जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



**ग्रेटर नोएडा,** जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत किशोर व किशोरियों का पोषण थीम पर विविध जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं।

इन गतिविधियों का उद्देश्य किशोरावस्था में पोषण की आवश्यकता को रेखांकित करना और स्वास्थ्य सेवाओं तक उनकी पहुंच को सुलभ बनाना रहा।

इस दौरान जिले के विभिन्न स्कूलों में किशोर-किशोरियों के लिए एनीमिया पर आधारित जागरूकता सत्र आयोजित किए गए, जिसमें उन्हें एनीमिया के कारण, लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में जानकारी दी गई। किशोरों को आयरन और फोलिक एसिड की गोलियों का वितरण किया गया ताकि उनमें पोषण संबंधी कमियों को दूर किया जा सके। आंगनवाड़ी केंद्र पर एक विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें किशोरों और किशोरियों की स्वास्थ्य जांच की गई और जरूरतमंदों को परामर्श व उपचार प्रदान किया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती पूनम तिवारी ने बताया कि किशोर और किशोरियां हमारे देश का भविष्य हैं। पोषण की मजबूत नींव इस आयु में रखना अत्यंत आवश्यक है। पोषण पखवाड़ा जैसे अभियान किशोर स्वास्थ्य और जागरूकता को नई दिशा देते हैं।

हम सभी का कर्तव्य है कि हम मिलकर हर बच्चे तक सही पोषण और स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाएं। जिले में पोषण पखवाड़ा का यह आयोजन जन-जागरूकता और सहभागी सहयोग की दिशा में एक सफल कदम सिद्ध हुआ है।

# वीर हनुमान आन तिवारी ने हनुमान जयंती मनाने के बारे में बताया



**मुंबई,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। सोनी सब के पौराणिक महाकाव्य 'वीर हनुमान' में बाल हनुमान की भूमिका निभाने वाले अभिनेता आन तिवारी ने बताया कि वह हनुमान जयंती कैसे मनाते हैं और अपने सह-कलाकारों के साथ उनकी बॉन्डिंग कैसी है।

यह पूछे जाने पर कि भगवान हनुमान की भूमिका निभाने के लिए उन्होंने कैसे तैयारी की, आन ने बताया कि मैंने इस भूमिका की तैयारी के लिए जिमनास्टिक ज्वाइन किया। मैंने भगवान हनुमान से संबंधित बहुत सारे वीडियो देखे और सीखा कि हनुमान जी कैसे खड़े होते हैं, पैरों की स्थिति कैसी होनी चाहिए, चेहरे पर हमेशा मुस्कान कैसे बनाए रखनी चाहिए और भी बहुत कुछ।

एक विशेष वाकया साझा करते हुए उन्होंने बताया कि मुझे एक घटना अच्छी तरह याद है, जब मेरे पिता मुझे बल्ले से बिल्कुल गदा की तरह अभ्यास कराते थे। वह मुझे हर सुबह और शाम बल्ले को ऊपर-नीचे करने को कहते थे। उस अभ्यास से मुझे मदद मिली।

सेट पर अपने अनुभव और अपने सह-कलाकारों के साथ अपनी बॉन्डिंग का खुलासा करते हुए आन ने कहा कि सेट पर मेरा अनुभव शानदार रहा है। हर कोई विनम्र और मददगार है, अगर मुझे कोई डायलॉग समझ में नहीं आता है, तो हमारे डायरेक्टर सर धैर्यपूर्वक समझाते हैं कि इसे कैसे करना है।

# गर्मी में ताजगी का तोहफा, खरबूजे के अनगिनत फायदे



■ खरबूजे में मौजूद विटामिन ए और सी त्वचा को निखारने में मदद

■ खरबूजे में लगभग 90 प्रतिशत तक होता है पानी

**नई दिल्ली,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। गर्मी के मौसम में जब तपती धूप और लू से लोग परेशान रहते हैं, ऐसे में शरीर को ठंडक और ताजगी देने वाले फलों की मांग बढ़ जाती है। इन्हीं फलों में एक बेहद लोकप्रिय और सेहतमंद फल है खरबूजा। स्वाद में मीठा, पानी से भरपूर और शरीर को तरोताजा करने वाला यह फल न केवल गर्मी में राहत देता है, बल्कि सेहत के लिए भी कई तरह से फायदेमंद है।

गर्मी में तपती धूप और लू के मौसम में शरीर को ठंडक और ताजगी देने वाले फलों की मांग बढ़ जाती है। इन्हीं फलों में एक बेहद लोकप्रिय और सेहतमंद फल है खरबूजा। स्वाद में मीठा, पानी से भरपूर और शरीर को तरोताजा करने वाला यह फल न केवल गर्मी में राहत देता है, बल्कि सेहत के लिए भी कई तरह से फायदेमंद है।

खरबूजे में लगभग 90 प्रतिशत तक पानी होता है, जो गर्मियों में डिहाइड्रेशन से बचाने में मदद करता है। दिनभर की भागदौड़ और तेज धूप के बाद खरबूजा खाने से शरीर को ठंडक मिलती है।

खरबूजा फाइबर से भरपूर होता है, जो पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है और कब्ज की समस्या से राहत दिलाता है। यह पेट को साफ रखने में मदद करता है और भारी भोजन के बाद भी इसे आसानी से पचाया जा सकता है। साथ ही, जो लोग वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं, उनके लिए खरबूजा एक शानदार फल है। इसमें कैलोरी की मात्रा कम होती है, लेकिन फाइबर की मौजूदगी के कारण यह पेट को लंबे समय तक भरा भी रखता है, जिससे बार-बार खाने की इच्छा नहीं होती।

खरबूजे में मौजूद विटामिन ए और सी त्वचा को निखारने और बालों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। नियमित रूप से खरबूजा खाने से त्वचा में नमी बनी रहती है और चेहरे पर प्राकृतिक चमक आती है। विटामिन ए की अच्छी मात्रा होने के कारण खरबूजा आंखों की रोशनी को बेहतर बनाए रखने में मदद करता है। यह आंखों को सूखने से भी बचाता है और उम्र के साथ आने वाली समस्याओं को कम करता है। खरबूजे में पोटैशियम और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो रक्तचाप को नियंत्रित रखने में मदद करते हैं और दिल को स्वस्थ बनाए रखते हैं। यह रक्त में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को भी संतुलित करता है। खरबूजे को आप सीधे काटकर खा सकते हैं, या फिर इसका जूस बनाकर पी सकते हैं। इसे सलाद में शामिल किया जा सकता है या ठंडी स्मूदी में भी मिलाया जा सकता है।

गर्मियों में यदि आप सेहतमंद, स्वादिष्ट और ठंडक देने वाला विकल्प ढूंढ़ रहे हैं, तो खरबूजा जरूर अपनी डाइट में शामिल करें। यह न केवल स्वाद में लाजवाब है, बल्कि स्वास्थ्य के लिहाज से भी बेहद लाभकारी है।

# केएफसी इंडिया और कैरीमिनाटी ने मिलकर लॉन्च किया नया मज़ेदार सॉसी पॉपकॉर्न




नई दिल्ली। केएफसी इंडिया ने पहली बार देश के सबसे बड़े जेनरेशन जेड यूट्यूबर कैरीमिनाटी के साथ मिलकर एक नया मेन्यू आइटम तैयार किया है। इस अनोखे लॉन्च में चस्त्रष्ट इंडिया और यूट्यूबर कैरीमिनाटी साथ मिलकर बेहद टेस्टी और फिंगर लिकइन गुड सॉसी पॉपकॉर्न पेश कर रहे हैं । पहली बार, एक जेन ज़ेड आइकन केएफसी की किचन में शामिल हुआ है। 67 मिलियन फॉलोअर्स वाले कैरीमिनाटी ने सिर्फ अपना नाम नहीं दिया, बल्कि वह अपनी खास स्टाइल और अपना पसंदीदा स्वाद को केएफसी की किचन में लेकर आए हैं। और नतीजा एक ऐसा स्नैक जिसे जिसे इंटरनेट का फेवरेट इंटरनेट जनरेशन के लिए लेकर आया है।

स्वत्वाधिकार प्रकाशक, संपादक संजय कुमार चौबीसा द्वारा 20ए न्यू विद्यानगर हिरण मगरी सेक्टर 4 उदयपुर 313002 (राज.) से प्रकाशित एवं मुद्रक विजय अरोड़ा द्वारा मैसर्स न्यूट्रेक ऑफसेट एवं प्रिंटर्स 13, भोपा मगरी, हिरण मगरी सेक्टर-3 उदयपुर से मुद्रित। फोन : 9024464356 Mail- Palpalrajasthan8@gmail.com

# पल पल राजस्थान

हर पल की खबर

➲ प्रदेश का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

# पल पल राजस्थान

वर्ष : 2 RAJHIN/2021/81855 कुल पृष्ठ : 4 मूल्य : 5 रु. हर पल की खबर

facebook

https://www.facebook.com/palpalrajasthannews/

YouTube

https://www.youtube.com/channel/UC7p9DxdST-1wvxPMtFiPOQNw

Instagram

instagram.com/pal-palrajasthannews

Gmail

palpalrajasthan8@gmail.com

**Whatsaap No.**

9024464356, 9001259073, 96729 79379